स्पीकर साहब, पीछे भी मैंने जिक्र किया था कि हमें अपने स्कूलों और कालेजों में मौरल ऐजुके ान, नैतिक ि ाक्षा इंट्रोडयूस करनी चाहिए। क्या इस एड्रैस में मौरल ऐजुके ान का कोई जिक्र है? स्पीकर साहब, अढ़ाई वर्श जनता पार्टी का भाासन रहा, मैंने मौरल ऐजुके ान का प्र न उस समय भी उठाया। जून 1979 से जनता पार्टी के नाम से और फिर जनवरी 1980 से कांग्रेस पार्टी के नाम से आप स्टेट का एडमिनिस्ट्रे ान चला रहे है। मैंने रिपिटिडली इस प्र न को उठाया और उसका जवाब दिया गया कि कमेटी बनाई गई है। जो कैरिकुलम तैयार करेगी, लेकिन हुआ कुछ नहीं। स्पीकर साहब, जनता पार्टी के जमाने से बालिग तालीम का प्रोग्राम चला आ रहा है लेकिन इस ऐड्रैस में कहीं भी एडल्ट ऐजुके ान का कोई जिक्र नहीं है। अगर कहीं हो तो मुझे बताइए। स्पीकर साहब, आज दे ा में चपरासी से लेकर राश्ट्रपति तक सब यह कह रहे है कि हमारी ि ाक्षा प्रणाली खराब है। हमारी ि ाक्षा बेरोजगार पैदा करने की एक म ाीन है। मैं पूछना चाहता हूं कि उस बेरोजगार पैदा करने की म ाीन को दुरूस्त करने के लिए आपकी सरकार ने क्या किया, आपकी सरकार ने क्या कदम उठाए है? क्या मैं इस तरह के ऐड्रैस का भाुकिया अदा करूं? यह कोई अंग्रेज का राज्य तो है नहीं। वे ऐसा करते थे कि देहात में सुधार के नाम पर किसी जगह कुरड़ी को ठीक कर दिया या छोटा मोटा और काम कर दिया। आपने तो समस्याओं से झूझना है। क्या इस ऐड्रैस में इस बात का जिक्र है कि किस तरह से आप इन समस्याओं से झूझंगे? स्पीकर

साहब, कहीं भी जिक्र नहीं है कि जो समस्याएं हमारी स्टेट में है, उनको इस तरह से हल करेंगे। बूरा साहब जब बोल रहे थे तो उन्होनें आंकड़ें पे ा किए कि फलां मद पर पिछले साल पांच करोड़ रूपया खर्च किया अगले वर्श छः करोड़ रूपया खर्च किया और उससे अगले साल पहले से ज्यादा खर्च करेंगे। वे इस तरह से बात रहे थे जैसे बड़ा भारी मोर्चा मार लिया हो। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि इतनी तो कीमते बढ़ रही है और ये कह रहे है कि पांच करोड़ रूपये से छः करोड़ रूपये खर्च कर दिया और फिर छः करोड़ रूपया से अधिक खर्च करेंगे। स्पीकर साहब, इसका मतलब यह है कि ये कुछ नहीं कर रहे है। ये जो ज्यादा खर्च कर रहे है वह कीमते बढ़ने के कारण है। इस तरीके से सोचना गलत है। बेरोजगारों के लिये आपने क्या किया? मैं कहना चाहता हूं कि बेरोजगारी की समस्या तब तक हल नहीं हो सकती जब तक कि आप गांधी जी के बताए हुए रास्ते पर अमल नहीं करोंगे। उन्होंने इस दे ा को एक रास्ता दिया था और कहा था कि बड़े–बड़े कारखानों पर पाबंदी लगाओ। जो चीजें घरों में हमारी मां बहनें बना सकती है और जिन चीजों को गांवों में छोटी छोटी म ानों से बनाया जा सकता है, उन चीजों के लिये बड़े बड़े कारखानों पर पाबंदी लगानी चाहिए। लेकिन मुझे अफसोस है कि इस दि ाा में आज तक इस सरकार ने कुछ नहीं किया। आप कहते है कि मार्किटिंग का इंतजाम करेंगे। रूरल इंडस्ट्रीज का मामला तब तक सफल नहीं हो सकता जब तक मार्किटिंग का इंतजाम नहीं करेंगे। (व्यवधान) गांधी जी के नाम

पर कांग्रेसी वोट लेते रहे। क्या कोई मैम्बर या चीफ मिनिस्टर खड़े होकर यह कह सकता है कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा था। अध्यक्ष महोदय उन्होनें कहा था कि बड़े बड़े कारखानों पर पाबंदी लगेगी तो छोटे उद्योगों को माल की मार्किटिंग आप ही हो जाएगी। स्पीकर साहब, कोई भी मुझे हाउस में कहे कि मैं गांधी जी को गलत कोट कर रहा हूं। जब तक सरकार गांधी जी के असूलों पर नहीं चलेगी, अपनी नीति को नहीं बदलेगी तब तक यह दे ा आगे नहीं चल पाएगा और दे ा की भलाई नहीं हो सकेगी। स्पीकर साहब, मैंने कांग्रेस वालों का मैनीफैस्टों पढ़ा है कि नहीं। उसमें लिखा है कि विरोधी पक्ष इस नीति से प्रिमिटिविजम लाएंगे और प्रीमेटिव सोसायटी बनायेंगे। स्पीकर साहब, आज दे ा एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है कि हम अकेली खेती बाड़ी पर निर्भर करके गुजारा नहीं कर सकते। आज अगर किसी किसान के पास दस किल्ले जमीन है तो वह आज तो गुजारा कर सकता है लेकिन कल को जब उसका परिवार बढ़ेगा तो एक आदमी के हिस्से एक–दो किल्ला ही आएगा। इसलिये सरकार को चाहिए कि वह देहातों में स्माल स्केल इंडस्ट्रीज लगाए ताकि लोगों का रूझान उस तरफ हो सके। सरकार छोटी छोटी म ाीनरी देहातों में लगाए जिस तरीके से जापान में काम हो रहा है। हम गरीबों को तभी ऊपर उठा सकेगें वरना मुझे और कोई रास्ता गरीबी दूर करने का दिखाई नहीं देता है। गवर्नर साहब के ऐड्रैस में इस किस्म का कोई इ ाारा नहीं मिलता है कि सरकार ने गरीब लोगो की मदद करने के लिये कोई उपाय किये है। अभी सुमेर चंद जी

भट्ट बड़ै उछल उछल कर यह कह रहे थे कि कि हो सकता है कि सचमुच में ही कुद काम हुए होंगे इन्होंने आगे कहा कि पहले तो हरिजनों को छन छन कर (परकुलेटर होकर) फायदा मिलता था। अब तो हमने डायरेक्ट फायदा दिया है। स्पीकर साहब, जो फायदे इन्होंने दिये है, वे मैं इनको गिना देता हूं कि इन्होंने हरिजनों को क्या क्या दिया है? गवर्नर साहब ने अपने ऐड्रैस में बताया कि वर्श 1981–82 के लिये 290–00 करोड़ रूपये की अन्तिम योजना स्वीकृत की गयी है। आगे चलकर गवर्नर साहब ने अपने ऐड्रैस में लिचाा है कि कुल योजना परिव्यय का लगभग 12. 26 परसैंट यानी 34 करोड़ रूपया गरीब हरिजनों की भलाई के लिये नियत करने का प्रस्ताव है ताकि 50,000 और परिवारों को इस योजना के अन्तर्गत लाया जा सके। देहाती विकास के अनेक कार्यक्रमों के अन्तर्गत खर्च किये जाने वाले धन का लगभग 66 परसैंट अनुसूचित जातियों के लाभ के लिए होगा। यानि 34 करोड़ रूपया हरिजनों की भलाई के लिये खर्च होगा। स्पीकर साहब, आप को पता है कि आज 80 परसैंट आबादी देहातों में है अगर आप सारा हिसाब लगाकर देखें तो आपको पता चलेगा कि 290 करोड़ रूपये की योजना में से केवल 52–53 करोड़ रूपया ही देहातों की भलाई के लिये रखा गया है और 2.00 करोड़ रूपये की प्राधिकृत पूंजी से हरियाणा पिछड़े वर्ग कल्याण निगम स्थापित किया गया हैं। यह निगम राज्य के विभिन्न जिलों में क्षेत्रिय कार्यालय स्थापित करेगा अभी तक इस निगम ने एक भी पिछड़े वर्ग की सहायता नहीं की है। हरिजन कल्याण निगम के द्वारा

5000 आदमियों को कर्जा साल में दिया जायेगा। मैंने पिछले सै ान में भी इस बारे में कहा था कि इस निगम द्वारा जिस हिसाब से हरिजनों को कर्जा दिया जा रहा है अगर इसी रफतार से कर्जा दिया जाता रहा तो जो चार लाख के करीब, हमारे प्रान्त में हरिजन परिवार है, उनको कर्जा देने में कम से कम 800 वर्श का समय लगेगा।

इसके साथ साथ गवर्नर साहब ने अपने ऐड्रैस में बताया है कि 1978–79 के आंकड़ों के अनुसार गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लगभग 3.21 लाख परिवार अनुसूचित जातियों में है, जिनको हम गरीबी रेखा से ऊपर लाने के लिये वि ोश योजनाएं चला रहे है। अगर इसी तरह से रफतार चलती रही तो एक लाख परिवारों को बीस सालों में और तीन लाख परिवारों को साठ सालों से ऊपर उठा सकेंगे। फिर भी यह सरकार गरीबों के लिये, गरीब हरिजनों के लिये मगरमच्छ के आंसू बहाती है। पिछले सै ान में भी गवर्नर साहब ने कहा था कि हरिजन चौपालों के लिये हमने एक करोड़ रूपया रखा है लेकिन बजट में केवल 25 लाख ही आया। मैंने उस वक्त भी प्वायंट आउट किया था कि यह इस तरह की डिस्क्रिमैंसी का क्या कारण है, यह डिसिक्रपैंसी किस तरह से साल्व होगी। उस वक्त लाला बलवंत राय तायल जी वित मंत्री थे उन्होंने कहा कि आप हरिजन चौपालों के लिये जितना रूपया मांगोगे हम देंगे। स्पीकर साहब, हुआ क्या? जो 25 लाख रूपया इस काम के लिये रखा गया था उसमे से भी बीस

लाख रूपया सरण्डर होगा (ोम भोम की आवाजें) स्पीकर साहब, मैं वैलेंज के साथ कहता हूं कि जब चौधरी देवी लाल जी की सरकार थी, उस वक्त इस तरफ खास ध्यान नहीं दिया गया था और हमारी सरकार ने जिलों की एउमिनिसट्रेटिव म ीनरीज को यह खास हिदायतें दी थी कि आप मैचिंग ग्रांटस के लिये पंचायतों में जाएं बी0डी0ओज0, तहसीलदारों और एस0डी0एमज0 को इस बारे में हिदायतें दी गयी थी कि आप मैचिंग ग्रांटस के लिये रूपया जमा कराओं और यह जो पैसा सरकार ने हरिजनों की चौपालों के लिये रखा है, इसको खर्च करो। लेकिन इस सरकार ने हमारे मुकाबले में एक उंगली भर भी काम नहीं किया। उसका नतीजा क्या होगा कि हरिजन चौपालों के लिये मु कल से 25 लाख में से केवल 2–4 लाख रूपया ही खर्च होगा। स्पीकर साहब, हो सकता है कि मेरे इस भाशण के बाद सरकार कोई कदम उठा लें, वरना यह सरकार इस बारे में कोई कदम उठाने की इच्छुक नहीं रही है। मैं आपको बताता हूं कि 22 लाख रूपया अभी भी जिलों में डी0सीज0 के पास यूं का यूं पड़ा हुआ है, जिसका हरिजन भाइयों को कोई लाभ नहीं होगा।

इस के साथ साथ स्पीकर साहब मैं आपको बताता हूं कि आज से आठ महीने पहले जब गंदम किसान के खलिहानों से बाहर आ गयी, उस वक्त उस गंदम का भाव 100, 102, 110 तक ही रही। स्पीकर साहब, आप देखें कि आज किस को गंदम की जरूरत नहीं है। कोई बड़ा आदमी है, कोई बड़ा किसान है,

उसको जरूरत न होगी मगर मार्जिनल किसान या हरिजन और पिछड़े वर्ग, सब को गंदम की आव यकता है। इस सरकार ने हरिजनों और मार्जिनल फारमर्ज को सस्ती गंदम सप्लाई करने के लिये कोई कदम नहीं उठाया। पिछलें दिनों इस बात का कहीं जिक आया था कि सरकार आटा क्यों नहीं दे पायी। हमारे एक साथी ने कहा था जिनका मैं यहां पर नाम लेना मुनासिब नहीं समझता। उन्होंने कहा था कि सरकार इस लिय आटर नहीं दे पायी क्योंकि बिजली इंजीनियर्ज ने हड़ताल कर दी। हम तो स्पीकर साहब, यह कहते है कि गरीब हरिजन के तो घर घर में चक्की है, तुम गंदम दो गंदम मार्किट में तो आनी चाहिए, वे लोग तो अपनी अपनी चक्की पर ही अपने घरों में गंदम को पीस सकते है जैसाकि उनकी मां बहनें पहले कर रही है। एक तरफ तो ये उन गरीबों से महात्मा गांधी के नाम पर वोट मांगते है और दूसरी तरफ उनका भाोशण कर रहे है। क्या इनके पास इस बात का कोई जवाब है? स्पीकर साहब, मैं देहातों में जाने आने का काफी आदि हूं। जब मैं देहातों में जाता हूं तो वहां के लोग मुझ से पूछते है कि जैन साहब हमें इन बातों का जवाब दो कि वह गंदम जो आज से आठ महीने पहले किसानों के घरों से 100 से लेकर 117 रूपये पर क्विंटल के हिसाब से उठाई गयी थी, सरकारी गोदामों के अन्दर जाने के बाद उसी गंदम का भाव अब 180, 190, 200 व 220 कैसे हो गया? वे लोग मेरे से इस सवाल का जवाब पूछते है। स्पीकर साहब, ऐड्रैस में इस बात का क्लेम किया गया है कि हमने पांच हजार दुकानें खोल दी। स्पीकर

साहब, उनमें क्या हो रहा है? वे इनके कप ान के अड्डे है इनके सिवल सप्लाई के कर्मचारी लाखोंपति बन गए तथा उनमें से तो कुछ पौलिटीि ायंज भी बन गये है। आज गांव वालों को सीमेंट नहीं मिलता है, मिट्टी का तेल नहीं मिलता है और कंट्रोल्ड क्लाथ नहीं मिलता है। मैं खुर ाीद भाई से पूछना चाहता हूं कि जो कंट्रोल्ड क्लाथ गवर्नमैंट आफ इंडिया से आता है, वह कहां गया? उस कपड़े की धोती की कीमत 12–13 रूपये है लेकिन आप किसी देहती भाई से पूछो कि क्या किसी को वह धोती मिली है? वह सारा कपड़ा ब्लैक में बिकता है। आपको सीमेंट और मिट्टी का तेल जितना भी चाहिए वह ब्लैक मार्किट में तो मिल सकता है लेकिन कंट्रोल प्राइस पर नहीं मिलेगा। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि कहां है तुम्हारी म ाीनरी? (विघ्न) स्पीकर साहब, मैं इस नुक्ताचीनी के द्वारा इस सरकार से अपील करता हूं कि अभी इन गरीब भाइयों को एक महीनें की और दिक्कत हैं। इन गरीब भाइयों के लिये और जिस वीकर सैक ान के लिये आपने इस ऐड्रैस में मगरमच्छ के आंसू बहाने की कोि ा ा की है, आप उनके लिये कम से कम इतना तो कर दें कि उनको गेहूं सस्ते दाम पर मिल जाए। चीफ मिनिस्टर साहब जब जवाब देंगे तो कहे कि हमने देहातों में गेहूं पहुंचा दिया है। अगली बात मेरी यह है कि इस स्टेट में इतनी कप ान है लेकिन इस अभिभाशण में उसका बिल्कुल जिक नहीं है। आज ही एक सवाल हाउस में आया था कि 11 करोड़ रूपये बिक्री कर कर बकाया है। चीफ मिनिस्टर साहब ने बताया कि साढ़े चार करोड़

रूपये के बारे में तो कोर्ट से स्टे मिल गई है। मैं पूछना चाहता हूं कि बाकी के साढ़े छः करोड़ रूपये को रिकवर करने के लिये आपने क्या किया? दूसरी तरफ आप देखें हांसी के एक गरीब किसान ने गोबर गैंस प्लांट के लिये तीन हजार रूपये का कर्जा लिया था। उसके पास उस कर्जे को वापिस करने का कोई साधन नहीं था जिस वजह से उसे गिरफतार कर लिया तीन दिन तक वह हवालात में रहा और बाद में वह मर गया। पता नहीं उसको मारा गया हे या भूख की वजह से उसने खुदक ाी कर ली। अगर उसने खुदक ाी भी की तो उसे ऐसा करने के लिये मजबूर किया गया। (ोम भोम की आवाजें) स्पीकर साहब, आपको याद होगा कि ये गोबर गैस प्लांट जबरन लोगों पर थोपे गये थे। किसी अमरी आदमी का बिजनैस चलाने के लिये लोगों पर ये जबरन थोपें गए थे और ऊपर से अब ऐसा हो रहा है। आज हालत यह है कि सारी संस्थाओं को डि–ग्रेड कर दिया गया है। मुझे एक आध बार किसी काम के लिये चीफ मिनिस्टर साहब के आफिस में जाना पड़ा। मैंने वहां देखा कि रोजगार लेने वालों की लाईन लगी हुई थी। मैं जानना चाहता हूं कि चीफ मिनिस्टर के आफिस का रोजगार दिलाने से क्या संबंध है? ये इस बात को एनकेजमैंट क्यों दे रहे है? यह हो सकता है कि चीफ मिनिस्टर साहब ने हिदायत दे रखी हो कि अगर हमारा कोई आदमी आए तो फलां आदमी को टेलीफोन कर दो। इसके बाद स्पीकर साहब, ट्रांसफर्ज की हालत यह है कि किसी भी अफसर को एक जगह टिकने नहीं दिया जाता है। स्पीकर साहब, अभी 16 फरवरी को

कांग्रेस की किसान रैली हुई। आपको पता है कि उसमें किस तरीके से सरकारी म ाीनरी का दुरूपयोग किया गया और किस तरह से पुलिस कर्मचारियों, तहसीलदारों और पटवारियों की डियूटी लगाई कि वे गांवों में जाकर लोगों को रैली में भेजें। इसके अलावा गवर्नमैंट ने फैक्ट्री ओनर्ज को हिदायत कर दी कि फैक्ट्रीज बंद कर दो। फरीदाबाद और सोनीपत की फैक्ट्रीज वालों को कहा गया कि तुमने अपनी फैक्ट्री बंद करनी है। जो इंडस्ट्रीज एसोसिए ान का प्रधान है उसने एक सर्कुलर जारी किया कि तमाम फैक्ट्रिज बंद करनी है। उनके जो ट्रक या दूसरे व्हीकल्ज थे वे रैली में पहुंचाए गए। मैं चाहूंगा कि चीफ मिनिस्टर साहब इस बात का जवाब दें कि क्या 16 फरवरी को हरियाणा में जहां पंजाब से भी काफी ट्रक आते जाते है, उस दिन किसी एक भी ट्रक को प्राईवेट सामान ले जाने की इजाजत हुई? इसके बाद स्पीकर साहब, एक बात मैं ला एंड आर्डर के बारे में कहना चाहता हूं। अभी हरियाणा में जी0टी0 रोड़ पर मूर्थल के नजदीक कारों में जा रहे अलग अलग दो परिवारों को लूटा गया। मेरी कांस्टीच्युएंसी के गांव रिसपुर और लनहेड़ा में डाका पड़ा। फरीदाबाद में जो फायरिंग हुई वह भी इसी गवर्नमैंट के जमाने में हुई। होडल में हरिजन को कैसे मारा गया। थानों में हवालात में कितने आदमी मारे गये। गोहाना की एक लड़की के साथ रेप करके कत्ल किया गया। मैं एक और आ चर्य की बात बताना चाहता हूं। ये मेरी कांस्टीच्युएंसी का ही मामला है और इस बारे में मैं पुलिस वालों को भी लिख चुका हूं। मैं अभी पिछलें दिनों

उझा गांव में गया था। श्री हरि सिंह नलवा जो राज्य सभा के मैम्बर है वे भी इसी गांव के रहने वाले है। उनके बारे में वहां पर लोगों ने जो बातें मुझे बताई वे सुन कर मैं हैरान रह गया। अभी अभी मैं बापौली गांव में भी गया था और वहां 25 फरवरी को चीफ मिनिस्टर साहब भी गये थे। वहां पर संजय गांधी के नाम से एक पार्क बन रहा था। जिस दिन चीफ मिनिस्टर साहब उस गांव में गये थे उसी रात को एक हरिजन के प्लाट पर नाजायज कब्जा कर लिया गया। जब उसने इस बात का एतराज किया तो उसके लड़कें की पत्नी को पीटा गया। वह बेचारा गांव का आदमी यह कहता है जि जब हम थाने में जाते है तो वहां से जवाब मिलता है कि भाई हम कुछ नहीं कर सकते है क्योंकि यह तो नलवा का इलाका हैं। तो क्या इसको ला एंड आर्डर की अच्छी सिचुए ान कहेंगे? इसके बाद स्पीकर साहब, जहां तक प्रोहिब ान की बात है, भाराब के दरिया बहा दिये गांधी की दुहाई देने वाले मेरे भोरों ने। जहां तक पंचायती राज का सवाल है यह सरकार जिला परिशद नहीं बनाना चाहती। पिछले बजट सै ान में इस बारे में दो मंत्रियों ने ए योरेंस दी थी। उनमें से एक मंत्री राव राम नारायण ता चले गये। ठाकुर बीर सिंह बैठे है। पिछले साल इन्होंने मुझे ताना मारा था कि जैन साहब तो केडिट लेना चाहते है। ये कहने लगे हम सब कुछ करेंगे जैन साहब जो चहाते है इससे भी आगे जाने का हमारा बिल तैया है। वह बिल इनका बिल में बड़ गया। स्पीकर साहब, यह सब कुछ मुझे

अफसोस के साथ कहना पड़ता है और मेरा दिल दुख से भरा हुआ है.....

मुख्य मंत्री(चौधरी भजन लाल): स्पीकर साहब, जैन साहब, अब जो मर्जी कह लें लेकिन इनमें बाद में सुनने की भाक्ति होनी चाहिए, ये फिर भाग कर बाहर न जाएं।

श्री मूल चंद जैनः स्पीकर साहब, मुझे पहले कुछ ख्याल था कि यह सरकार देहातों की भलाई करेगी क्योंकि मैं समझता था कि ये भी हमारी तरह देहातों से आयें है और देहातों का ख्याल करेंगे। लेकिन अब मैं कंविसड हूं कि यह एंटी रूरल पीपल सरकार है क्योंकि यह देहात के लोगों पर भरोसा नहीं करती। अगर देहात के लोगों पर भरोसा करती है तो सता का विकेंद्रीकरण यानी डी सैंट्रलाइजे ान आफ पावर करती। सता के विकेंद्रीकरण पर अगर वि वास रखते है तो जिला परिशद बनाओ जिला परिशदें महाराश्ट्र में कायम है और भी कई स्टेटस में कायम है। हमने कल गवर्नर ऐड्रैस के समय वाक आउट किया लेनिक उधर के हमारे दोस्तों ने उसका गिला किया इस ऐड्रैस को पढ़ने के बाद मैं समझता हूं कि अगर हम वाक आउट न करते तो हम अपने फर्ज से कोताही करते। इसलिये इस प्रस्ताव की मैं सख्त से सख्त मुखालफत करता हूं और इन भाब्दों के साथ आपका धन्यवाद करता हूं।

श्रीमती डा0 कमला वर्मा (यमुनानगर): अध्यक्ष महोदय, लोकतंत्रीय पद्धति के अनुसार कल हरियाणा प्रदे ा के राज्यपाल महोदय ने वर्तमान सरकार की नीतियों का उल्लेख करते हुए यह सिद्ध कर दिया है कि हरियाणा सरकार ने राज्यपाल महोदय को अपनी नीतियों की इंफर्मे ान ठीक नहीं दी। बाबू मूल चंद जैन ने अपने भाशण में जो कुछ कहा है उससे यह सिद्ध हो जाता है कि सरकार ने अपनी नीतियों के बारे में राज्यपाल महोदय को जो कुछ लिख कर दिया है, उनमें कितना सत्य है और कितना असत्य है। इस आधार पर मैं राज्यपाल महोदय के भाशण का विरोध करने के लिये खड़ी हुई हूं। (इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य, चौधरी हरस्वरूप बूरा, पदासीन हुए)

राज्यपाल महोदय ने अभिभाशण के पृश्ठ 2 पर यह वर्णन किया है कि सरकार ने पिछड़े वर्ग की भलाई के लिये दो करोड़ रूपये की प्राधिकृत पूंजी लगाकर एक निगम की स्थापना की है। मैं पूछना चाहती हूं कि दो करोड़ रूपया खर्च करके निगम तो स्थापित कर दिया लेकिन जो एजुके ान व ट्रैनिंग सैंटर्ज है उन में पिछड़ी जातियों के लिये रिजर्वे ान केवल दो परसैंट है और इसके मुकाबले में सर्विसिज के लिये दस परसैंट की रिजर्वे ान है। एजुके ान व ट्रैनिंग सैंटर्ज में दो परसैंट की रिजर्वे ान से ये लौग ि ाक्षा प्राप्त नहीं कर सकते। चाहे टैक्नीकल ि ाक्षा हो चाहे दूसरी ि ाक्षा हो अगर रिजर्वे ान की परसैंटेज दो होगी तो वे दस परसैंट नौकरियां कैसे ले सकेंगे?

इनकी पोस्टें खाली रहेगी और जो लाभ इनको होना चाहिए वह नहीं हो सकेगा। इसलिये ऐजुके ान व ट्रैनिंग सैंटर्ज में दो परसैंट रिजर्वे ान की बजाय दस परसैंट रिजर्वे ान होनी चाहिए ताकि वे दस परसैंट नौकरियां ले सकें।

सभापति महोदय, आवास के लिये सरकार ने बड़े जोर– ाोर से बताया श्री सुमेर चंद भट्ट ने भी आवास के बारे में बड़े जोर– ाोर से चर्चा की है। मैं यमुनानगर की आवास कालोनी की चर्चा करना चाहती हूं। यमुनानगर में हाउसिंग बोर्ड ने आ वासन दिया था कि वहां पर कालोनी बनायेंगे और लोगों ने चार लाख रूपया पिछले दो वर्श से बोर्ड को दिया हुआ है। लेकिन अभी तक वहां पर भूमि भी एक्वायर नहीं की गई। लोगों का पैसा ब्लौकड पड़ा हुआ है। पैसा जमा करने वाले वे लोग थे जो मध्यम श्रेणी से ताल्लुक रखते है इसी प्रकार 1970–72 का एक केस सैक्रेटेरिएट में पैंडिंग पड़ा हुआ है। कोन नहीं जानता कि यमुनानगर एम्प्लूवमैंट ट्रस्ट ने वहां पर सरोजिनी नगर बनाया। सब जानते है और इसके लिये 1970 में 26 एकड़ जमीन एक्वायर कर ली गई थी लेकिन सरकार ने अभी तक उस जमीन का पूरा कम्पंसै ान भी नहीं दिया, केस बड़ी देर से पैंडिंग पड़ा हुआ है। 1973 में 185 प्लाट अलाट किए गए और उसके बाद 1975–76 में 200 और प्लाट अलाट किए। इस तरह 22 लाख रूपया सरकार ने अब तक कालोनी के लिये खर्च किया और आज तक 35 लाख रूपया लोगों से कि तों के रूप में ले लिया। आप देखें धारा

24–28 के अनुसार प्लाट व मकान खरीदने की इजाजत तो लोगों को दे दी लेकिन इसके बाद जिस धारा के अंतर्गत इनको पोजै ान देना चाहिए था वह अब तक नहीं दिया गया। सन् 76–77 में 79 मकान दो दो कमरों के सैट के अलाट कर दिये गए जिनकी बीस वर्श में कि तें समाप्त होनी थी। 21 मकान आधे से अधिक तैयार करके अधूरे छोड़ दिये। सरकार ने जो रूपयेा खर्च किया है। उसके अगैंस्ट 26 लाख रूपये का अवार्ड आ गया है जो सरकार ने देना है। इसके अतिरिक्त चार लाख रूपया ठेकेदारों को देना है। कुछ लोग जिनको मकान अलाट हो गए है उनको न नालियों की सुविध है, न सफाई की सुविधा है और न बिजली की सुविधा है। मध्यम श्रेणी के लोग जिन्होंने थोड़ा थोड़ा पैसा लगाकर अपने मकान ट्रस्ट से ले लिए है आज तक सरकार उनका फैसला नहीं कर पाई और धारा 42 के अंतर्गत जो स्वीकृति मिलनी चाहिए थी वह नहीं दी गई। फाइल सरकार के पास पड़ी है ड्राफट नोटिफिके ान को सरकार ने स्वीकृति देनी है। ट्रस्ट टूटने से सारी स्कीम ने उस कालोनी के लोगों को दुखी व परे ाान किया हुआ है। क्या आप इस सरकार से उम्मीद कर सकते है कि यह गरीबों को रहने के लिए मकान बना कर देगी? जो सरकार लोगों को दिया हुआ आ वासन पूरा हीं कर सकती वह गरीबों को मकान बना कर कैसे देगी? आप इस बात का अंदाजा डिपार्टमैंट के अधिकारियों से पूछ कर लगा सकते है कि लोगों ने इसी कालोनी के कितने रिमाईंडर दिये है।

सभापति महोदय, राज्यपाल ने अपने अभिभाशण में प्रोडक ान के बारे में कहा। यमुनानगर एक बड़ा इंडस्ट्रियल कम्पलैक्स है जिस में मजदूरों की बहुत बड़ी तादाद काम करती है। इसी तरह फरीदाबाद भी इंडस्ट्रियल कम्पलैक्स है, लेनि मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है कि यमुनानगर इंडस्ट्रियल कम्पलैक्स और फरीदाबाद इंडस्ट्रियल कम्पलैक्स को फैसिलिटीज प्रोवाईड करने में भेदभाव बरता जाता है। मैं जानना चाहती हूं कि इन में इतना अंतर क्यों है? रैवेन्यू की दृश्टि से अगर देखें तो यमुनानगर से सबसे ज्यादा रैवेन्यू आता है लेकिन क्या यमुनानगर के मुकाबले में फरीदाबाद में उद्योगपतियों से धन की बड़ी बड़ी थैलियां अधिक मिलती है। मैं जानना चाहती हूं कि यमुनानमगर इंडस्ट्रियल कम्पलैक्स के साथ इतना भेदभाव क्यों बरता जाता है? फरीदाबाद को ज्यादा बिजली क्यों दी जाती है? यमुनानगर इंडस्ट्रियल कम्पलैक्स को अक्सर तीन–चार घंटे या ज्यादा से ज्यादा पांच घंटे बिजली दी जाती है। बिजली कम मिलने की वजह से बहुत मजदूर बेकार है, उनके साथ क्या बीत रही है, इसका अंदाजा आप खुद लगा सकते है। इसके अतिरिक्त बिजली सप्लाई का कोई समय नि चत नहीं है। अगर समय नि चत हो तो मजदूरों को काम पर जाने की आदत पड़ी रहती है और वह अपने आप समय पर इंडस्ट्रीज में पहुंच जाते है। इस अनियमितता के ाकरण कई मजदूरों को नुकसान हो गया, किसी की उंगलियां कट गई और किसी का हाथ कट गया। ऐसे 40 केस पिछले दो मास में यमुनानगर में हुए है। जितने भी प्राईवेट

कारखानेदार है वे इतना कम्पन्सै ान मजदूरों को नहीं देते, जितना मिलना चाहिए। इसलिए मैं सरकार से पूछना चाहती हूं कि प्रोडक ान कहां बढ़ी है? राज्यपाल ने अपने अभिभाशण में कहा कि इंडस्ट्रीज केक माध्यम से, कृशि क्षेत्र में खेती सिसक रही है। इंडसट्री भी सिसक रही हैं। इंडस्ट्रीज के बारे में तो मैंने अभी बताया कि किस प्रकार की हालत सरकार ने पैदा कर दी है। इसके अतिरिक्त राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाशण में थर्मल प्लांट्स की बात कही। आप बतायें, कौन सा थर्मल प्लांट आज हरियाणा में ठीक चल रहा है। थर्मल प्लांट को कोयला नहीं मिलता और अगर कोयला मिल भी जाये तो वैगन्ज नहीं मिलती। इस सरकार के आने के बाद हरियाणा में थर्मल प्लांटस की बड़ी दुर्द ाा हुई। आप कितने ही नये थर्मल प्लांटस या नये पावर हाउसिज की स्कीम बना ले, उससे कोई फायदा नहीं होगा। देखना यह है कि हरियाणा को बिजली मिली कितनी है, छोटे उद्योग धंधों को बिजली से कितना लाभ हुआ है, यह देखने वाली बात है। रावी–ब्यास के पानी के बारे में हरियाणा के लोगों को इतना आ वासन देने के बावजूद भी उनके साथ धोखा किया जा रहा है और हरियाणा की जनता को मजबूरी में जीने के लिए मजबूर किया जाता है। अध्यक्ष महोदय, जटलाना में साठ मैगावाट के पावर हाउस की सैक ान हो चुकी है लेकिन आज तक जमीन एक्वायर नहीं की गई। मेरा कहने का मतलब यह है कि इस सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए स्वीकृत काम भी नहीं किया, यह आपको मानना पड़ेगा।

सभापति महोदय, यह विकलांग वर्श है। मैं सारे हरियाणा की बात नहीं करती, सिर्फ अम्बाला जिले की बात करती हूं। मैं अगर कहे वगैर नहीं रह सकती कि अम्बाला के तीन विकलांगों के केसिज मेरे नोटिस में आये है। उन्होंने एम0 ए0 बी0 एड0 पास की हुई है लेकिन उनको आज तक परमानेंट नौकरी नहीं दी गई। 1970 में उन्होंने एस0 एस0 मास्टर की ट्रेनिंग खत्म कर ली थी। अम्बाला के एक विकलांग है श्री राजेंद्र पाल भाटला, इन्होंने 73 में एम0ए0 बी0एड0 पास की थी लेकिन आज तक उनको चार या छः महीने से ज्यादा नौकरी करने का अवसार नहीं मिला। उनको हमे ाा लीव वेकेसी के अगेंस्ट लगाया जाता रहा है और वह भी दो तीन मील दूर यानी इंटीरियर में जाना पड़ता है। ऐसा व्यक्ति जो विकलांग है, चल नहीं सकता, उसको इंटीरियर में जब सर्विस मिलती है तो वह कैसे जाएगा, कैसे काम कर सकता है? जब उनका जाने का नाम आता है तो वे बेचारे जाने से इंकार कर जाते है क्योंकि वे वहां तक पहुंच नहीं पाते। इस बारे में अंत में मैं तो यह कहूंगी कि विकलांग वर्श के अंदर भी यह सरकार अम्बाला जिले के तीन विकलांग सर्वश्री राजेंद्र पाल भाटला, भोर सिंह और द्वारका प्रसाद गुप्ता को नौकरी नहीं दे सकी तो विकलांग वर्श कैसा? घोशणाओं से तो जन साधारण को धोखा देने वाली बात है।

(13.00 बजे)

सभापति महोदय, ि ाक्षा का स्तर हमारे यहां दिन प्रति दिन गिरता जा रहा है। आपको याद होगा कि जनता सरकार ने प्राईवेट कालेजिज को 75 प्रति ात अनुदान देने का निर्णय लिया था लेकिन उसके लिए भी आज वे परे ाान हो रहे है। इस बढ़ती हुई मंहगाई में जबकि हर चीज की कीमत दिन प्रति दिन बढ़ती चली जा रही है, अगर एक अध्यापक को वेतन न मिले तो वह अपने परिवार को क्या खिलाएगा? (विघ्न) गांधी आर्द ा कालेज, संभालखा के टीचर्ज को दस महीने से वेतन नहीं मिला है, डी0ए0वी0 कालेज, हसनगढ के टीचर्ज को छः महीने से वेतन नहीं मिला है, जनता कालेज, दादरी के टीचर्ज को चार महीने से वेतन नहीं मिला है और गुरू नानक खालसा कालेज, करनाल को दस महीने से वेतन नहीं मिला है। अब आप ही बताइएं कि दस–दस महीनें से अगर टीचर्ज को तनख्वाह न मिले तो वे ि ाक्षा का स्तर क्या सुधरेगा? जिस टीचर के पेट के अंदर भोजन नहीं जाएगा वह क्या पढ़ायेगा? इस बात का जवाब सरकार को देना चाहिए। सरकार को उनकी मांग का ध्यान करके 95 प्रति ात ग्रांट देने का विचार कियान्वित करना चाहिए।

इसके बाद सभापति महोदय, मैं ला एंड आर्डर के बारे में कुछ जिक्र करना चाहूंगी। आपने भी इस बारे में बड़े जोर– ाोर से कहा कि हमारी स्टेट का ला एंड आर्डर ठीक है लकिन अपने आपको हरिजनों का हिमायती कहने वाली इस सरकार से क्या मैं यह पूछ सकती हूं कि 17 नवम्बर 1980 को

यमुनानगर में क्या हुआ था? समुनानगर में 17 नवम्बर को गांव तिगड़ी का एक हरिजन घासीराम सब्जी झोटा बुग्गी में लेकर मंडी में आया था। साढ़े आठ बजे वह घर को वापिस हुआ। रादौर रोड़ पर रेलवे फाटक के पास सवा नौ बजे उसने चाय पी। दस बजे पानसरा चुंगी के पास एक दोधी ने उसे देखा लेकिन उसके बाद उसका पता नहीं चला, पंद्रह दिन के बाद उसकी ला ा मिली पर झोटा और बुग्गी अभी तक नहीं मिली। (विघ्न एवं भाोर)

सभापति महोदय, ला एंड आर्डर की इस स्थिति में कस्टोडियन लैंड पर नाजायज कब्जे हो रहे है जबकि लैंडलैस लोगो को जमीन नहीं मिल रही है। जठलाने की एक घटना मैं हाउस के सामने रखना चाहती हूं। वहां सुंदरराम नाम के एक रिटायर्ड पटवारी ने कस्टोडियन लैंड के आठ–दस प्लाटस पर, जिनकी कीमत लगभग 70 हजार बनती है, कब्जा किया हुआ है। उसने मरे हुए तहसीलदार के झूठे दस्तखत करके इस जमीन को अपने रि तेदार के नाम करवा रखा है। विजिलैंस की इंक्वायरी हुई थी और तहसीलदार के दस्तखत झूठे पाए गये थे। लेकिन यह सुंदर दास पटवारी पैसा देकर छुट गया है और इस कस्टोडियन लैंड को उसने अपने कब्जें में रखा हुआ है।

हरियाणा के ला एंड आर्डर के बारे में अभी बाबू मूल चंद जैन जी ने भी काफी कुछ आपके सामने कहा। कौन नहीं जानता कि यहां तो ला एंड आर्डर कुरूक्षेत्र के बच्चों के ऊपर चलता है, जिनका केवल मात्र कसूर यह था कि वे राश्ट्रपति के

भाशण सुनना चाहते थे? उन्हें बड़ी बेदर्दी से पीटा गया, बसों और ट्रेनों से पकड़ पकड़ कर मारा गया। क्या यही इनका ला एंड आर्डर है?

सभापति महोदय, आपने अखबार में पढ़ा होगा कि भााहबाद में पिछले दिनों क्या हुआ? गुरूद्वारा के लिए फंड रेज करने के लिए वहां एक कल्चरल प्रोग्राम रखा गया था। पुलिस के कर्मचारियों ने जब वहां जाकर हल्ला किया तब गांव वालों ने उन्हें वहां से हटाया लेकिन इसी कसूर की बिना पर वहां नौ आदमियों को गिरफतार किया गया। एक सरपंच का मुह काला करके तथा जूतों का हार डाल करके जलूस निकाला गया जबकि बाद मे एस0 पी0 ने उसे निर्दोश करार दिया। यह कहां का ला एंड आर्डर है? (विघ्न)

मुरथल की घटना भी सभापति महोदय, किसी से छुपी नहीं है। कौन नहीं जानता कि एक व्यापारी को डेढ़ लाख रूपये का सामान वहां किस प्रकार लूट लिया गया? वह व्यक्ति मेरा निजी जानकार है। सभापति महोदय, सरकार जवाब दे क्या यही ला एंड आर्डर है? यहां पर कोई विकास का काम नहीं हो रहा है। केवल कुर्सी को बचाने के लिए कांग्रेस (आई) की गोद ली हुई यह सरकार बार बार सैंटर में जाकर के सिजदे देने में लगी रहती है। 19 अक्तूबर, 1979 को यमुनानगर में वैस्ट्रन समुना कैनाल पर पुल बनने के लिए सैन्क ान हो चुका है लेकिन बजट सैन्क ान होने के बाद और टैंडर स्वीकृत होने के बाद भी आज

तक वहां काम भुरू नहीं हुआ जबकि अब सन् 81 आ गया है। इसी प्रकार सारे हरियाणा में विकास के काम ठप्प पड़े है।

सभापति महोदय, यह गरीब दे ा है। हरियाणा का नाम अधिक अन्न उत्पादन करने वाले प्रदे ाों में दूसरा है लेकिन दुःख की बात है कि आज यहां डिपुओं में आटर नहीं मिलता, गेहूं भी बहुत मंहगा मिलता है और मिट्टी का तेल लेने में काफी परे ाानी का सामना करना पड़ता है। स्त्रियां और बच्चे प्रातःकाल सात बजे लाईन में खड़े हो जाते है लेकिन दोपहर बाद दो बजे डिपो वाला कह देता है कि तेल नहीं है और लोग निरा ा होकर वापिस घर आ जाते है। हमे ाा जनवरी, फरवरी और मार्च इन तीन महीनों में आटा महंगा होता है। सरकार को इसका पहले ही ध्यान रखना चाहिए। गरीब मजदूर को, जो दिन में केवल 6, 7 या 8 रूपये कमाता है, यदि महीने का केवल दस किलो आटा मिले तो वह कैसे अपना और अपने परिवार का पालन पोशण कर सकता है। इसकै लिए ये बिजली का बहाना करते है लेकिन यह गलत बात है क्योंकि मार्किट के अंदर दो रूपये बीस पैसे प्रति किलो आटा खुल आम बिक रहा है। सभापति महोदय, यही नहीं सीमेंट लोगों को नहीं मिलता है, किताबें ब्लैक में मिलती है। 6–6 महीनें तक सरकारी पुस्तक भंडार खुलने के बाद भी बच्चों को किताबें नहीं मिलती है। कापियां भी ब्लैक में मिलती है। इस सरकार को तो सभापति महोदय, अपने कार्य–कलापों के ऊपर लज्जा आनी चाहिए। (विघ्न)

सभापति महोदय, आपको यह सुन कर हैरानी होगी कि हमारे यहां हरियाणा में, जींद के अंदर जय हनुमान ट्रेडिंग के नाम से एक ऐसा ट्रेड खुला हुआ है जिसके अंदर सट्टे का व्यापार चलता है। (ाोर)

चौधरी भजन लालः सभापति महोदय, इन्हें कुछ तो मर्यादा से बोलना चाहिए। (विघ्न) यह इनके लीडर का हाल है। (ाोर)

गृह मंत्री(श्री कन्हैया लाल पोसवाल): चेयरमैन साहब, यह मोस्ट इर–रिसपोंसिबल रिमार्कस है। इन्हें कार्यवाही से ऐक्सपंज कर दिया जाए।

श्री सभापतिः ये रिमार्कस ऐक्सपंज कर दिए जाए।

श्रीमती डा0 कमला वर्माः सभापति महोदय, यह बात सच है। स्वागत करने के बाद जींद के एक मंत्री को पौने तीन लाख रूपये का पर्स दिया गया है। (ाोर)

चौधरी उदय सिंह दलालः एक कार भी दी गई है। (ाोर)

चौधरी गंगा रामः मंत्री इस्तीफा दे। (ाोर)

श्रीमती डा0 कमला वर्माः सभापति महोदय, भ्रश्टाचार का यहीं अंत नहीं है। मैं कुछ महीने पूर्व की बात आपको बताती हूं। जगाधरी की इंडस्ट्रीज ऐसोसिऐ ान की एक मीटिंग हुई।

उस समय के वित मंत्री श्री बलवंत राय तायल जी उपस्थित थे। उन्होंने ऐसोसिए ान को यह आ वासन दिया था कि तुम्हारा सेल्ज टैक्स चार प्रति ात से एक प्रति ात कर दिया जाएगा। यदि तुम मुझे मुख्य मंत्री जी को दैने के लिए दो लाख रूपया दे दो। दो लाख रूपया भूतपूर्व वित मंत्री को इंडस्ट्रियलिस्टस ने दिया। अगर उनका टैक्स कम कर दिया जता तो उनको अफसोस न होता लेकिन वह टैक्स आज तक कम नहीं हुआ और न ही वह पैसा उन्हें वापिस किया गया। पिछले दिनो ंतायल साहब ने कहा था कि वह पैसा मुख्य मंत्री को दे दिया है। क्या वह पैसा मुख्य मंत्री जी को मिल गया है या नहीं यह बात पब्लिक के सामने आनी चाहिए। (ाोर)

चौधरी गंगा रामः मुख्य मंत्री जी इस बात का जवाब दें। (ाोर)

चौधरी भजन लालः चेयरमैन साहब हम इनकी सब बातों का जवाब देंगे, ये सुनने का कश्ट तो करे। (ाोर) हर प्वायंट नोट हो रहा है और उसका जवाब दिया जाएगा।

श्रीमती डा0 कमला वर्माः हरियाणा में भ्रश्टाचार दिन प्रति दिन बड़ी तीव्र गति से बढ़ रहा है। आप एक इन्कवायरी कमी ान बैठा दें उससे पता चल जायेगा। आप सभी को मालूम है कि पिछले दिनों मुख्य मंत्री और भूतपूर्व वित मंत्री ने एक दूसरी पर खुल्लमखुल्ले ऐलीगे ांज लगाये। उनके बारे में पता करके

जनता के सामने बताया जाए। इसलिए मेरी गुजारि ा है कि कमी ान बैठा कर सही बात का पता लगाया जाये कि हरियाणा में भ्रश्टाचार किस हद तक बढ़ रहा है।

मैं इन भाब्दों के साथ इस अभिभाशण का जोरदार विरोध करती हूं क्योंकि यह जन विरोधी सरकार का तैयार किया हुआ अभिभाशण है। यह सरकार करती कुछ है और कहती कुछ है।

स्वामी आदित्यवे ा(हथीन): आदरणीय सभापति जी, राज्यपाल महोदय को मराठी भाशा की बड़ी जानकारी है। प्रकांड विद्वान होते हुए भी उन्होंने अपना अभिभाशण हिंदी में पढ़ा जिसके लिए मे। उनका हार्दिक स्वागत करता हूं। मेरे साथी श्री सुमेर चंद भट्ट जी ने जो प्रस्ताव रखा है उसका अनुमोदन करते हुए मैं कुछ अपने विचार व्यक्त करना चाहता हूं। मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि मैं समझता था कि यहां पर बड़े सियाने और योग्य मैम्बर बैठे हुए होंगे लेकिन मुझे उनकी बातें सुनकर बड़ी हार्दिक वेदना हुई। (ाोर) सभापति महोदय, एक छोटा सा पम्फलेट टेबल पर रख दिया गया। इन्होंने उस पम्फलैट को यहां पर फाड़ा। आखिर इंदिरा गांधी तो हमारे दे ा की महान नेता है उनके चित्र को इस तरह से नहीं फाड़ना चाहिए था। मैं उनको बताना चाहता हूं कि इसको तो उन्होंने फाड़ दिया लेकिन जो लाखों और करोड़ों लोग इंदिरा गांधी के साथ है

उनके दिलों को तो यह नहीं फाड़ सकते। (ाोर) इन्होंने उस चित्र को फाड़ कर अपने छोटेपन का सबूत दिया है।

श्री मूल चंद मंगलाः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। स्पीकर साहब ने इस मामले के बारे में कहा है कि इसकी इन्कवायरी की जायेगी तो फिर इस बात पर अब बोलने की क्या आव यकता है? (ाोर)

श्रीमती सुशमा स्वराजः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। इन्होंने इंदिरा गांधी जी को महान नेता कहा है। मैं पूछना चाहती हूं कि जब उन्हें मीसा में बंद किया गया था तब भी वे महान नेता थीं?

स्वामी आदित्यवे ाः जी हां। महान नेता थी। (ाोर) सभापति महोदय, इसी सदन में लोकदल का घोशणापत्र रखा गया था लेकिन किसी भी सदस्य ने कोई एतराज नहीं किया था लेकिन आज इन साथियों की हरकत देख कर बड़ी वेदना हुई। मैं तो यह कहूंगा कि जिस आदमी को हमे ाा ठोकरें लगी हों, किसी का अपमान किया हो, वह दूसरे की इज्जत नहीं कर सकता। इसलिए इस प्रकार से चित्र को फाड़ना भाोभा नहीं देता। (ाोर) सरकार ने बहुत ही गरिमामय अभिभाशण राज्यपाल महोदय की ओर से रखवाया है। इसके लिए मैं अपनी सरकार और अपने अधिकारियों को बधाई देता हूं। मैं यह भी कहे बिना नहीं रहूंगा कि आज तक हमारी योजनाओं के लिए इतना रूपया नहीं मिला था जितना

छठी पंचवर्शीय योजना के लिए मिला है। 1800 करोड़ रूपया हरियाणा के लिए मिला है। हमारे प्रदे ा का बड़ा सौभाग्य है कि केंद्र की ने ानल डिवैल्पमैंट कौंसिल ने इसे स्वीकार किया है। उड़ीसा जैसे प्रदे ा के लिए केवल 2100 करोड़ रूपया रखा है और भी प्रदे ा है जिनके लिए हमारे से कम रूपया रखा। हमारे प्रदे ा के लिए इतनी अधिक मात्रा में रूपया मिलना यह सब चौधरी भजन लाल जी के वि ोश प्रयास का फल है। 1981–82 की वार्शिक योजना के लिए पहले 219 करोड़ रूपया रखा गया। फिर इसको बढ़ा कर 253 करोड़ कर दिया गया और आज उस 253 करोड़ को बढ़ा कर 290 करोड़ कर दिया गया है। इस पैसे से सारे हरियाणा प्रदे ा के विकास कार्य किये जायेंगे। (ाोर)

सभापति महोदय, महात्मा गांधी जी ने कहा था कि कोई भी काम करो, उसके करने से पूर्व गरीबों की तसवीर को अव य सामने रखो। ठीक उसी के अनुरूप अभिभाशण में किया गया है। इस सारे अभिभाशण में जो कि बीस पृश्ठ के करीब है, 11 अनुच्छेद में गरीबों के उत्थान की बात की गई है। सब से बड़ी बात तो यह है कि आज तक हमें यह भी पता नहीं कि हमारे प्रदे ा में कितने परिवार गरीबी की रेखा के नीचे है। हमारी यह सरकार बधाई की पात्र है कि इसने उंगलियों पर गिन लिया कि तीन लाख 21 हजार परिवार गरीबी की रेखा से नीचे है। आगे आने वाली योजना के अंतर्गत सब गरीब परिवारों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाया जायेगा। यह कितना बड़ा कार्य सरकार

करने जा रही है? सभापति महोदय, इन लोगों में तो सुनने की भी हिम्मत नहीं हुई क्योंकि इस अभिभाशण में सभी विकास की बातें पढ़ी गई थी लेकिन ये उनको भी न सुन सके और हाउस से उठ कर बाहर चले गए। राज्यपाल महोदय सदन में रोजाना तो आते नहीं। वे तो साल में एक बार आते है। इन्होंने मर्यादा का भी सबूत नहीं दिया। कम से कम इनको बैठ कर सुनना चाहिए था और आज ये भारतीय संस्कृति के दावेदार बनते है। अभी हिंदी के दावेदारों ने सदन में एक मो ान मूव किया तो खड़े होकर अंग्रेजी में पढ़ने लग गये। मैं तो हैरान रह गया कि कहां कि हिंदी पढ़ रहे है। क्या ये ब्रिटेन की हिंदी पढ़ रहे थे या किसी और दे ा की हिंदी पढ़ रहे थे। (ाोर) ये कहते कुछ है और करते कुछ और है। (ाोर) अभी बहिन कमला वर्मा बोल रही थी। मैं उनके विशय में कुछ अधिक नहीं कहना चाहता क्योंकि वे मेरी पूज्य बहिन है लेकिन इतना जरूर आप लोगों के नोटिस में लाना चाहता हूं कि.....
.....। (ाोर)

श्रीमती डा0 कमला वर्माः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। मैं इसे चैलेन्ज करती हूं अगर ये सिद्ध कर दें तो मैं इस हाउस से अस्तीफा दे दूंगी। अगर ये सिद्ध न कर पाये तो ये दे दें। (ाोर)

डा0 मंगल सैनः चेयरमैन साहब, मेरा भी प्वांयट आफ आर्डर है। (ाोर)

श्री सभापतिः डा0 साहब, आपके बारे अगर कोई कहेगा तभी तो आप प्वायंट आफ आर्डर रेज करेंगे।

चौधरी भजन लालः सभापति महोदय, इन्होंने भी अभी इल्जाम लगाये थे, हम बड़ी भाांति के साथ सुनते रहे। अब इनको हमारी बात को भी बड़ी भाांति के साथ सुनने का कश्ट करना चाहिए।

डा0 मंगल सैनः सभापति महोदय..... (ाोर)

श्री सभापतिः डा0 साहब, आप बैठिए। (ाोर)

डा0 मंगल सैनः आप मेरी बात तो सुनिये। (ाोर)

श्री सभापतिः आप किस बात पर बोलेंगे?

डा0 मंगल सैनः मैं आपकी रूलिंग चाहता हूं। क्या इस हाउस में इस बात को कहा जा सकता है कि किस आदमी ने हवन कराने के कितन रूपये लिए? (ाोर)

स्वमी आदित्यवे ाः सभापति महोदय,.....
.....। (ाोर)

श्री सभापतिः आप मैम्बर को बोलने दीजिए। बहिन जी ने चैलेंज कर दिया है। वे तरीका जानती है। (ाोर)

डा0 मंगल सैनः सभापति महोदय, यहां पर सैन योर मो ान आ सकता है। लेकिन जब तक किसी एलीगे ान को

सबस्टांि ाएट ने किया जाए, उसके बिना यह बात नहीं की जा सकती यहां पर ऐसा कोई मो ान नहीं है। (व्यवधान)

श्री सभापतिः अगर आप गलत समझते है तो एक्सपंज हो जायेगा। खुद बहिन जी चैलेंज कर रही है। अगर आप गलत समझते है तो बतायें और अगर चैलेंज करते है तो बतायें। (ाोर)

डा0 मंगल सैनः मैं यह कहता हूं कि वे चैलेंज तो खुद करे लेकिन आप जो प्रोसिजरली अलाऊ कर रहे है, यह गलत है।

श्री सभापतिः क्या आप डिमांड कर रहे है कि इसको एक्सपंज कर दिया जाये?

डा0 मंगल सैनः मैं यह भी डिमांड कर रहा हूं। लेकिन यह प्रोसिजरली गलत है। (ाोर)

श्री सभापतिः राखी वाली बात एक्सपंज कर दी जाये।

डा0 मंगल सैनः सभापति महोदय, मैं अर्ज करना चाहता हूं। (ाोर)

श्री सभापतिः वे भाब्द एक्सपंज हो चुके है, अब आप बैठिए। जब कोई इ ा आयेगा तभी तो आप कोई प्वायंट उठायेंगे। आप हाउस की कार्यवाही को चलने दें। (ाोर)

डा0 मंगल सैनः मेरा सुझाव यह है कि बहिन जी ने चैलेंज किया है इसलिए हाउस की एक कमेटी बना दीजिए।

श्री बलदेव तायलः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर।

श्री सभापतिः आपका किस बात पर प्वांयट आफ आर्डर है? हाउस के सामने कोई बात आये तभी तो आप प्वायंट आफ आर्डर उठायेंगे। अब आप बैठिए। (ाोर) प्वायंट आफ आर्डर डा0 कमला वर्मा ने रेज किया था। अब आप लोग बैठिए। कोई इ ू आये तो आप प्वायंट आफ आर्डर रेज करे। एक प्वायंट आफ आर्डर होता है। प्वायंट आफ आर्डर पर प्वायंट आफ आर्डर नहीं होता। आप बैठिए। (ाोर) जब कोई प्वायंट आफ आर्डर उठाने का मौका आयेगा तो उठा लेना। एक प्वायंट आफ आर्डर आया था उसको मैंने ले लिया। आप खुद पढ़े–लिखे आदमी है इसलिए हाउस की कार्यवाही चलने दें। (ाोर)

श्री बलदेव तायलः एक इ ू पर 5–6 प्वायंट आफ आर्डर हो सकते है, कोई लिमिट नहीं हो सकती।

श्री सभापतिः आप रूल को कोट कर दें लेकिन अब आप बैठिए। (ाोर)

श्रीमती डा0 कमला वर्माः मैंने चैलेंज किया है कि यह मामला प्रिविलेज कमेटी में जाना चाहिये।

श्री सभापतिः यह प्रोपर रास्ता है। आप इस मामले को प्रिविलेज कमेटी में भेजने के लिए नोटिस भेज दीजिए।

स्वामी आदित्यवे ाः सभापति महोदय, बाबू मूल चंद जैन बहुत पुराने सदस्य है उनको तो इस गरिमामय सदन में सही बात कहनी चाहिए थी लेकिन मुझे बड़ा अफसोस है कि उन्होंने भी सही बातें नहीं कहीं। राज्यपाल के अभिभाशण के पेज दो, पैरा पांच पर लिखा हुआ हैं कि 3.21 लाख गरीब परिवार है। उनके उत्थान के लिए, उन्हें आर्थिक दृश्टि से आत्म निर्भर बनाने के लिए स्पै ाल कम्पोनैंट प्लान चालू की गई जिसके द्वारा उनको विकसित किया जायेगा। लेकिन बाबू मूल चंद जैन जी ने तो ऐसा किया कि जैस उनको दिखायी ही न दिया हो और सारी दुनियां को वही ठीक कर सकते हों।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः आप औरों को भी बोलने दें। (ाोर)

श्री सभापतिः आप बैठिए।

स्वामी आदित्यवे ाः सभापति महोदय, जब बाबू मूल चंद जैन वित मंत्री थे तो इन्होंने जो बजट पे ा किया था उसमें इन्होंने किसानों पर आबियाना बढ़ाया था और आज ये किसानों के लिए आंसू बहा रहे है। इन्होंने किसानों पर दस परसैंट आबियाना बढ़ा दिया तो यहां बैठे हुए बहुत से माननीरय सदस्यों ने बजट की कापियों की धज्जियां उड़ा दीथीं, यानी उनको फाउ़ कर फेंक दिया था। उस दिन वे किसानों के बारे में एक भी भाब्द नहीं कह सके थे। सभापति महोदय, अभी भाराब का जिक

किया गया। (ाोर) जब मैंने भूख हड़ताल की थी उस समय बाबू मूल चंद जैन जी वित मंत्री हुआ करते थे। मैंने कहा था कि हरियाणा के देहातों में भाराब बंद होनी चाहिए तो मूल चंद जैन जी एक भी भाब्द सवेंदना के रूप में व्यक्त नहीं कर सके। बाबू मूल चंद जैन तो खुद भाराब पीते है और वे ऐसे सम्प्रदाय से संबंधित है जो इन्हें इजाजत नहीं देता। इस बारे में वे काफी ठीक आदमी है। चौधरी सतबीर सिंह मलिक आज भाराब की बात कहते है उन्होंने तो लाटरियां निकाल दी थीं और चौधरी संत कंवर जी बैठे हुए है, उन्होंने कहा था कि सब को एक एक ठेका दे दें।

Dr. Mangal Sein: I want to draw your kind attention to rule 265 of the Rules of Procedure and Conduct of Business which says-

"The Speaker may, if he is satisfied about the urgency of the matter, allow a question of privilege to be raised at any time during the course of a sitting. Such question shall be raised at the earliest opportunity and shall not ordinarly require notice."

Mr. Chairman: If he is satisfied.

डा0 मंगल सैनः इसका मतलब यह है कि वे जो चाहे इल्जाम लगा दें।

श्री सभापतिः बैठिये, मैंने उसके बारे में बता दिया था। Rule is very much clear that if the Speaker is satisfied about

the urgency of the matter, he can allow a question of privilege to be raised at any time.

Dr. Managal Sein: Are you satisfied or not.

श्री सभापतिः मैं सैटिसफाईड नहीं था इसलिए मैंने मौका नहीं दिया। (ाोर)

डा0 मंगल सैनः मैंने प्वायंट आफ आर्डर रेज किया है कि नोटिस की भी जरूरत नहीं है। (ाोर)

श्री सभापतिः मैंने नोटिस के लिए कह दिया है। आप नोटिस देने की तकलीफ कर लें।

डा0 मंगल सैनः इस का मतलब यह हुआ कि आप इसको इस समय रेज करने की इजाजत देने की जरूरत नहीं समझते। (ाोर)

श्री सभापतिः जरूरत है या नहीं है यह बात चेयर ने देखनी है। (ाोर) बहिन जी ने चेलेंज किया है और उस चैलेंज को देखते हुए मैंने अपनी सैटिसफैक ान नोटिस लेने में समझी है। वह नोटिस दे दें। (ाोर) मलिक साहब, आप किस पर प्वायंट आफ आर्डर करना चाहते है?

चौधरी सतवीर सिंह मलिकः मैं बाबा की बात पर प्वायंट आफ आर्डर करना चाहता हूं। (ाोर)

श्री सभापतिः देखिए मलिक साहब, आप उस तक अपनी बात सीमित रखिये। लेकिन पर्सनल ऐसप र्ान न करें। टाईम जाया हो रहा है। (ाोर)

चौधरी सतवीर सिंह मलिकः मैं आपसे एक्साईज पालिसी की बाबत प्रार्थना करना चाहता हूं। (ाोर)

श्री सभापतिः मलिक साहब, आप बैठिये। आपको बोलने का मौका मिलेगा। (ाोर) मैम्बर साहब को बोलने दीजिए। (ाोर)

स्वामी आदित्यवे ाः चेयरमैन साहब, मैं कह रहा था.....
.....

श्री सभापतिः अब सदन कल, बुधवार, दिनांक 11–3–1981, प्रातः 9.30 बजे तक के लिए स्थगित किया जाता है।

(13.30 बजे)

(तत्प चात सदन बुधवार, दिनांक 11–3–1981, प्रातः 9.30 बजे तक के लिये स्थगित हुआ)